# ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता सप्ताह का आयोजन

कोरबा 13.12.2017–जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा की प्रेरणा से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सानिध्य में 14 दिसम्बर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस एवं भारत स्वच्छता अभियान सर्वेक्षण 2018 को ध्यान में रखते हुए पर मन के संयम के साथ–साथ भौतिक ऊर्जा संरक्षण एवं संवधन के लिये ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता सप्ताह का आयोजन 14 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2017 तक किया गया है। इस अभियान का शुभारम्भ विश्व सद्भावना भवन टी.पी.नगर कोरबा में दिनांक 14.12.2017 को प्रातः 7:30 बजे रखा गया है। इस अभियान के अतर्गत कोरबा अंचल में 14.12.2017 राजयोग केन्द्र कोरबा। 15.12. 2017 राजयोग केन्द्र बाल्को। 16.12.2017 ग्राम चुईया एवं रूहानी औषधालय माचाडोली बांगो। 17.12.2017 राजयोग केन्द जमनीपाली। 18.12.2017 राजयोग केन्द्र कटघोरा। 19.12.2017 राजयोग केन्द्र बांकीमोंगरा। 20.12.2017 साधना भवन गेवरा। 21.12.2017 अक्षय हॉस्पिटल सरगबुंदिया में विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रम परिचर्चा, प्रतिस्पर्धा एवं स्वच्छता के लिये विशेष प्रयास किये जायेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिये नगरवासी एवं संगठन सादर आमंत्रित हैं।

मानवता की सेवा में ब्रह्माकुमारी रूकमणी